# महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
## MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY
NAACA++ Accredited: ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified

पत्रांकः–रू0वि0 / रासेयो / 2026 / 761–768 दिनांकः–05.09.2026

सेवा में,

प्रबन्धक / प्राचार्य / प्राचार्या / कार्यक्रम अधिकारी,
विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय (रा0से0यो0),
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

**विषयः–मा0 प्रधानमत्री जी के जन्मदिवस 17.09.2026 के अवसर पर 500 टी0बी0 के मरीजों को पोषण पोटली (06 माह तक) वितरित करने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया आपको प्रेषित इस कार्यालय के पत्र रू0वि0 / रासेयो / 2026 / 2082–2087, दिनांक 04.04.2026 तथा कुलसचिव कार्यालय के संलग्न पत्रांक संख्या एम0जे0पी0रू0वि0 / कु0स0का0 / 2026 / 287, दिनांक 21.08.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा टी0बी0 मुक्त भारत के प्रयासों के अन्तर्गत राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश के पत्रांक ई–5665 / 32–जी0एस0 / 2026, दिनांक 19.08.2026 में दिये गये दिशा निर्देशों के अनुसार माननीय प्रधानमंत्री जी के जन्मदिवस 17.09.2026 के अवसर पर 500 टी0बी0 के मरीजों को पोषण पोटली (06 माह तक) वितरित किया जाना है। अतः उक्त के सम्बन्ध में आपसे आग्रह है कि आपके महाविद्यालय के प्रत्येक शिक्षक 02 क्षयरोगियों को गोद लेकर उन्हें हर माह (06 माह तक) पोषण पोटली प्रदान करें। गोद लेने वाले शिक्षक का निक्षयमित्र के रूप में पंजीकरण किया जायेगा।

उक्त के क्रम में आपसे अनुरोध है कि अपने महाविद्यालय के शिक्षकों को उक्त कार्य में अनिवार्य रूप से योगदान दिये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित करने का कष्ट करें तथा सम्बन्धित शिक्षकों की सूची अद्योहस्ताक्षरी को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें जिससे कि सम्बन्धित सूचना ससमय प्रेषित की जा सकें।

**संलग्न–यथोक्त।**

भवदीय

/

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचानार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. क्षेत्रीय निदेशक, रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय केन्द्रीय भवन आठवॉ तल, हाल न0–1, सेक्टर–एच, अलीगंज लखनऊ–226024
2. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी रा0से0यो0को0, उच्च शिक्षा विभाग, कक्ष संख्या–55, बहुखण्डी भवन, तृतीय तल, सचिवालय, उ0प्र0 शासन लखनऊ– 226001
3. कुलसचिव महोदय के संज्ञानार्थ।
4. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली परिक्षेत्र।
5. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
6. प्रभारी मीडिया, समचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
7. बेवसाइट प्रभारी को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना